राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–123/2023

राज्यपाल ने सम्राट अशोक को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 29 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महान शासक सम्राट अशोक के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सम्राट अशोक कन्वेन्शन केन्द्र, पटना में अवस्थित उनकी सांकेतिक प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान परिषद के माननीय सभापति श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, विभिन्न मंत्रीगण एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....